# इग्नू क्षेत्रीय केंद्र, देवघर

(IGNOU Regional Centre, Deoghar)

(झारखंड / Jharkhand)

ignou THE PEOPLE'S UNIVERSITY

@ 2027 विकसित भारत समर्थ भारत

# हिंदी पखवाड़ा 2026

## हिंदी हमारी पहचान, एकता का अभियान

**भाषा, संस्कृति और विचारों के उत्सव में आप सभी का हार्दिक स्वागत है।**

आइए, हिंदी के माध्यम से राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक गरिमा को और सशक्त बनाएँ!

## कार्यक्रम विवरण (01 से 14 सितंबर 2026)

### 01
**1. राजभाषा हिंदी के कार्यालयी क्रियान्वयन हेतु क्षेत्रीय केंद्र देवघर में आयोजित समीक्षा बैठक**

दिनांक: 01 सितंबर 2026 (मंगलवार)

समय: सुबह 10:00 बजे से 11:00 बजे तक

स्थान: इग्नू क्षेत्रीय केंद्र, देवघर (RC Deoghar)

कार्यक्रम: राजभाषा हिंदी के कार्यालयी क्रियान्वयन की समीक्षा, चर्चा एवं भावी कार्ययोजना पर विचार–विमर्श।

### 02
**1. पोस्टर / स्लोगन प्रतियोगिता (ऑनलाइन)**

दिनांक: 07 सितंबर 2026 (सोमवार)

समय: सुबह 11:00 बजे से

माध्यम: ऑनलाइन (सभी विद्यार्थियों के लिए)

विषय: "भारत @ 2047: मेरी कल्पना"

पुरस्कार: श्रेष्ठ प्रस्तुति करने वाले प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान के विजेताओं को डिजिटल सर्टिफिकेट तथा अन्य सभी सहभागियों को प्रशंसा प्रमाण पत्र (Appreciation Certificate) प्रदान किया जाएगा।

### 03
**1. निबंध (Essay) प्रतियोगिता**

दिनांक: 10 सितंबर 2026 (गुरुवार)

समय: सुबह 10:00 बजे से

स्थान: जगन्नाथ मिश्रा कॉलेज, देवघर, झारखंड।

सहभागिता: इग्नू क्षेत्रीय केंद्र एवं जगन्नाथ मिश्रा कॉलेज देवघर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित।

विषय: "आधुनिक भारत के निर्माण हेतु हिंदी भाषा की लेकर Gen G का उत्तरदायित्व एवं दृष्टिकोण।"

अधिकतम शब्द सीमा: 1000 शब्द

पुरस्कार: प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्तकर्ताओं को डिजिटल सर्टिफिकेट एवं सभी प्रतिभागियों को प्रशंसा प्रमाण पत्र (Appreciation Certificate) प्रदान किया जाएगा।

### 04
**1. कर्मचारी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता (ऑफ़लाइन)**

दिनांक: 11 सितंबर 2026 (गुरुवार)

समय: पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 12:00 बजे तक

माध्यम: ऑफलाइन

पात्रता: कार्यालय के समस्त कर्मचारी

प्रतियोगिता: इग्नू क्षेत्रीय केंद्र देवघर में राजभाषा हिंदी के कार्यालयी प्रयोग के संवर्धन हेतु कर्मचारी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता।

### 05
**1. मुख्य व्याख्यान एवं समापन समारोह (हिंदी दिवस)**

दिनांक: 14 सितंबर 2026 (सोमवार)

समय: सुबह 11:00 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक

मुख्य विषय: "आधुनिक भारत में हिंदी: परंपरा से परिवर्तन और 2047 तक की यात्रा"

मुख्य वक्ता / मुख्य अतिथि: प्रो. प्रभाकर सिंह

मुख्य कार्यक्रम: मुख्य व्याख्यान, प्रतिभागियों के विजेताओं को पुरस्कार व प्रमाण–पत्र वितरण, और राष्ट्र की एकता को समर्पित "हिंदी संकल्प"।



मुख्य वक्ता / मुख्य अतिथि

**प्रो. प्रभाकर सिंह**

प्रोफेसर, हिंदी विभाग काशी हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी एवं समन्वयक, भोजपुरी एवं जनपदीय अध्ययन केंद्र

**संक्षिप्त परिचय:**

- प्रो. प्रभाकर सिंह काशी हिंदू विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में प्रोफेसर हैं तथा भोजपुरी एवं जनपदीय अध्ययन केंद्र के समन्वयक के रूप में कार्यरत हैं।
- हिंदी, भोजपुरी भाषा, साहित्य, लोक–संस्कृति और जनपदीय अध्ययन के क्षेत्र में इनका विशेष योगदान है।
- इन्होंने हिंदी और भोजपुरी भाषाओं के विकास, साहित्य, लोक–संस्कृति तथा जनजीवन से जुड़े विषयों पर अनेक शोध कार्य, पुस्तकों और लेख लिखे हैं।
- शिक्षा, शोध, मार्गदर्शन एवं अकादमिक नेतृत्व के माध्यम से हिंदी एवं भारतीय भाषाओं के संवर्धन में इनका महत्वपूर्ण योगदान है।

**संरक्षण एवं संयोजन**

क्षेत्रीय निदेशक (प्रभारी): अरविंद मनोज कुमार सिंह (RC, Deoghar)

कार्यक्रम संयोजक: डॉ. आदित्य कुमार जायसवाल (ARD, Deoghar)

संपर्क करें: 8986646561, 8986613424 | ईमेल: rcdeoghar@ignou.ac.in | वेबसाइट: www.rcdeoghar.ignou.in | पता: इग्नू क्षेत्रीय केंद्र, मंदाकिनी सदन, रोहिणी रोड, पोस्ट–जसीडीह, देवघर – 814112 (झारखंड)

प्रिय शिक्षार्थियों

सक्षम पदाधिकारी, इग्नू क्षेत्रीय केंद्र, देवघर के निर्देशानुसार ‘हिंदी पखवाड़ा–2026’ के अवसर पर क्षेत्रीय केंद्र से संबद्ध समस्त शिक्षार्थियों हेतु एक विशिष्ट ऑनलाइन स्वनिर्मित पोस्टर अथवा स्वलिखित स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में आप अपनी शैक्षिक रुचि के अनुसार प्रतिभाग कर सकते हैं।

राष्ट्रभाषा हिंदी के संवर्धन तथा वर्ष 2047 के विकसित भारत के नवनिर्माण में युवा शक्ति की वैचारिक सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह सृजनात्मक मंच प्रस्तुत किया गया है। अतः क्षेत्रीय केंद्र के अंतर्गत अध्ययनरत समस्त शिक्षार्थियों को एतद्द्वारा निर्देशित किया जाता है कि वे अपनी बौद्धिक एवं कलात्मक उपस्थिति से इस आयोजन को गरिमा प्रदान करें।

**प्रतियोगिता का विवरण:**

1. दिनांक: 07 सितंबर 2026 (सोमवार)
2. समय: पूर्वाह्न 11:00 बजे से
3. माध्यम: (डिजिटल/ऑनलाइन)
4. पात्रता: इग्नू के समस्त पंजीकृत शिक्षार्थी
5. मुख्य विषय: “भारत @ 2047: मेरी कल्पना”

प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु इस लिंक पर क्लिक कर अपनी प्रविष्टि दर्ज कर अपने स्वनिर्मित पोस्टर अथवा स्वलिखित स्लोगन की PDF प्रति यहां अपलोड करें: https://forms.gle/TcfZMn3Nn4n7Dbmc7

**पुरस्कार एवं सम्मान:** इस बौद्धिक एवं रचनात्मक समर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीयस्थान के विजेताओं को विशिष्ट डिजिटल प्रमाण-पत्र से अलंकृत किया जाएगा। इसके साथ ही, इस आयोजन में अपनी सहभागिता दर्ज कराने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को प्रशंसा पत्र प्रदान किया जाएगा।

प्रिय शिक्षार्थियों, राष्ट्र के भविष्य का निर्धारण आपकी मेधा और दृष्टि पर निर्भर है। अपनी लेखनी और तूलिका के माध्यम से अपनी परिकल्पना को साकार कीजिए। अतः आप सभी से अपेक्षा है कि राष्ट्रभाषा के प्रति अपनी निष्ठा प्रस्तुत करने हेतु इस प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभागिता को सुनिश्चित करें।

भवदीय,

**क्षेत्रीय निदेशक (प्रभारी)**
**अरविंद मनोज कुमार सिंह**
इग्नू क्षेत्रीय केंद्र, देवघर

**कार्यक्रम संयोजक:**
**डॉ. आदित्य कुमार जायसवाल**
सहायक क्षेत्रीय निदेशक
इग्नू क्षेत्रीय केंद्र, देवघर